# भारतीय युवाओं के कौशल उन्नयन और विदेशी रोजगार में सहायता के लिए एनएसडीसी इंटरनेशनल और डीपी वर्ल्ड्स वी वन ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए




**भारत, 3 नवंबर 2023:** वैश्विक कौशल समाधानों के लिए एक प्रवर्तक एनएसडीसी इंटरनेशनल और स्मार्ट एंड-टू-एंड लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदान करने में वैश्विक मंच, डीपी वर्ल्ड का भाग, वी वन ने आज एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य अग्रिम पंक्ति कार्यबल के लिए कौशल विकास और रोजगार के अवसरों के लिए सहायता करना है।

इस समझौते का आदान-प्रदान भारत के माननीय केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री, **धर्मेंद्र प्रधान** और डीपी वर्ल्ड के समूह अध्यक्ष तथा सीईओ महामहिम **सुल्तान अहमद बिन सुलेयम** के बीच **संयुक्त अरब अमीरात में भारत के माननीय राजदूत श्री संजय सुधीर और दुबई में भारत के माननीय महावाणिज्य दूत श्री सतीश कुमार सिवन और अन्य अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में** किया गया।

यह हस्ताक्षर कार्यक्रम वाराणसी में स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर को कौशल के लिए उत्कृष्टता के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए एनएसडीसी इंटरनेशनल और हिंदुस्तान पोर्ट्स (एक डीपी वर्ल्ड कंपनी) के बीच मई, 2022 में हस्ताक्षरित एक समझौता ज्ञापन की निरंतरता में आता है। इसके अनुरूप, डीपी वर्ल्ड ने वाराणसी में स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर स्थापित करने के लिए एनएसडीसीआई के साथ सहयोग किया, जो कौशल प्रशिक्षण, परामर्श, गतिशीलता, प्रस्थान- पूर्व अभिविन्यास, विदेशी भाषा प्रशिक्षण, नियोजन और

आप्रवासन तथा नियोजन पश्चात सहायता जैसी सेवाओं के साथ अग्रिम पंक्ति कार्यबल प्रदान करता है।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए भारत के **माननीय केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री, धर्मेंद्र प्रधान** ने कहा कि यह समझौता वैश्विक प्रतिभा गतिशीलता, कौशल और भारतीय युवाओं को प्रासंगिक विदेशी रोजगार के अवसरों से जोड़ने के लिए और अधिक रास्ते तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि भारत विविध प्रकार की प्रतिभाओं का भंडार है। श्री प्रधान ने भारत के युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने और उन्हें न केवल भारत के लिए बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के लिए आर्थिक समृद्धि लाने के लिए तैयार करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

प्रतिष्ठित सभा को संबोधित करते हुए, **श्री वेद मणि तिवारी, सीओओ एनएसडीसी और एमडी, एनएसडीसी इंटरनेशनल** ने कहा, "हमारा देश प्रचुर प्रतिभाओं का देश है, जहां हमारे युवा अधिक सीखने के इच्छुक और अधिक आकांक्षीय हैं, वे जो करते हैं उसमें सर्वश्रेष्ठ बनते हैं। इसके साथ, एनएसडीसी इंटरनेशनल में, हमने अपने युवा कैडर की क्षमता-निर्माण करने और उनके कौशल, पुन: कौशल और कौशलोन्नयन में निवेश करने के लिए स्वयं को प्रतिबद्ध किया है, जिससे भारत विश्व की कौशल राजधानी बन सके। और इस विज़न को आगे बढ़ाने के लिए, हम युवा भारतीय कुशल व्यक्तियों हेतु अंतर्राष्ट्रीय रोजगार की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए डीपी वर्ल्ड के साथ सहयोग करके प्रसन्न हैं।

इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए, डीपी वर्ल्ड के **सीईओ और एमडी, मध्य-पूर्व और उत्तरी अफ्रीका तथा भारत उपमहाद्वीप, श्री रिज़वान सूमर** ने कहा: "एनएसडीसी इंटरनेशनल के साथ हमारा सहयोग युवाओं को रोजगार योग्य कौशल प्रदान करने और कुशल कार्यबल की भावी पीढ़ी विकसित करने हेतु गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाने की हमारी साझा विज़न का एक प्रमाण है। हम युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करने, उनकी क्षमताओं को बढ़ाने और उनकी जॉब की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

इस पहल के प्रति डीपी वर्ल्ड की प्रतिबद्धता को पहले से ही 500 से अधिक अग्रिम पंक्ति श्रमिकों के सफल उन्नयन द्वारा चिह्नित किया गया है जो अब संयुक्त अरब अमीरात में सुविधाओं पर काम कर रहे हैं।

**एनएसडीसी इंटरनेशनल के बारे में:**

राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने स्किल इंडिया इंटरनेशनल पहल को आगे बढ़ाने और भारत को शीर्ष प्रतिभाओं के लिए अग्रणी वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने

के मिशन के साथ एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनएसडीसी इंटरनेशनल (एनएसडीसीआई) की स्थापना की है।

इसका उद्देश्य भारत को विश्व भर में कुशल और प्रमाणित श्रमिकों और पेशेवरों के लिए एक पसंदीदा भागीदार राष्ट्र के दर्जे तक ऊपर उठाना है। इसे वैश्विक नियोक्ताओं के लिए भारत-विशिष्ट प्रतिभा सोर्सिंग कार्यनीतियों, सरकार-से-सरकार सहयोग और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त अर्हताओं के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय मार्गों को सक्षम करके हासिल किया जाएगा।

अंतर्राष्ट्रीय जॉब प्लेसमेंट को प्रोत्साहित करने के लिए, एनसीवीईटी अर्हता को एक सुदृढ़ मूल्यांकन और प्रमाणन प्रणाली के माध्यम से वैश्विक मानकों के साथ जोड़ा जाएगा। भारत में केंद्रों के नेटवर्क के माध्यम से गंतव्य देशों की अर्हता आवश्यकता के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदानन और आकलन किया जाएगा। एडवोकेसी, जागरूकता बढ़ाने, सूचना का प्रसार करने और मौजूदा कौशल सेट को विदेशी मांग के साथ मिलाने के माध्यम से भारतीय व्यक्तियों के लिए वैश्विक मंच पर अवसर सृजित किए जाएंगे। भारतीय प्रवासियों के लिए, कार्यनीतिक रूप से महत्वपूर्ण देशों में कौशलोन्नयन और पुनः कौशलीकरण प्रयासों के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय कैरियर गतिशीलता की पहल स्थापित की जाएगी। भारत के लिए अंतिम लक्ष्य बाजार मांग के अनुसार अत्यधिक प्रतिस्पर्धी वैश्विक कार्यबल तैयार करना और नौकरी बाजारों को अर्हता-आधारित भर्ती से कौशल-आधारित भर्ती में बदलना है।

**डीपी वर्ल्ड के बारे में :**

व्यापार वैश्विक अर्थव्यवस्था की जीवनधारा है, जो अवसर सृजित करता है और विश्व भर के लोगों के लिए जीवन की गुणवत्ता में सुधार करता है। डीपी वर्ल्ड विश्व के व्यापार प्रवाह को बेहतर बनाने के लिए मौजूद है, जिससे वैश्विक स्तर पर जिन ग्राहकों और समुदायों को हम सेवा दे रहे हैं, उनके लिए जो कुछ भी संभव है उसे बदल सके।

छह महाद्वीपों के 73 देशों में फैले 158 राष्ट्रीयताओं के 106,500 से अधिक कर्मचारियों की एक समर्पित, विविध और पेशेवर टीम के साथ, डीपी वर्ल्ड एक निर्बाध आपूर्ति श्रृंखला की ओर व्यापार को और तेजी से आगे बढ़ा रहा है जो भविष्य के लिए उपयुक्त है।

हम अपने व्यवसाय- बंदरगाहों और टर्मिनलों, समुद्री सेवाओं, रसद और प्रौद्योगिकी को तेजी से बदल रहे हैं और एकीकृत कर रहे हैं - तथा मजबूत और अधिक कुशल प्रारम्भ से अंत तक आपूर्ति श्रृंखला समाधान बनाने के लिए स्थानीय विशेषज्ञता के साथ अपने वैश्विक बुनियादी ढांचे को एकजुट कर रहे हैं जो विश्व की व्यापार प्रणाली को बदल सकता है।

इसके अलावा, हम नवाचार में निवेश करके भविष्य को नया रूप दे रहे हैं। बुद्धिमता सुपुर्दगी प्रणाली से लेकर स्वचालित वेयरहाउस स्टैकिंग तक, हम विघटनकारी प्रौद्योगिकी के अत्याधुनिक क्षेत्र में हैं, इस क्षेत्र को व्यापार की बेहतर प्रणाली की ओर ले जा रहे हैं, कारखाना स्थल से ग्राहक के दरवाजे तक व्यवधान को कम कर रहे हैं।

हम हर किसी के लिए जो संभव है उसे बदलने के लिए व्यापार प्रवाह बनाते हैं।

कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय की निम्नलिखित लिंक को फॉलो करें:

**Twitter:https://twitter.com/MSDESkillIndia**
**Linkedin: https://in.linkedin.com/company/ministry-of-skill-development-and-entrepreneurship-india**

Follow NSDCI on:

**Twitter:https://twitter.com/nsdciofficial**
**LinkedIn: https://www.linkedin.com/company/national-skill-development-corporation-international/**

Follow DP World on:

**Twitter**: **https://twitter.com/DP_World**
**LinkedIn**: **https://www.linkedin.com/company/dp-world**